# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

**दिनांक : 03.07.2025** **समय : 0705**

- **पर्यटन विभाग द्वारा कल से भारतीय व्यंजन महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा।**
- **अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में ग्राम सभा निर्वाचन क्षेत्रों के संबंध में जारी मतदाता सूचियों को संशोधित किया जाएगा।**
- **टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत तपेदिक को समाप्त करने की दिशा में निजी चिकित्सकों के साथ बैठक की गई।**
- **अंडमान निकोबार यातायात पुलिस ने हॉर्न के इस्तेमाल के संबंध में परामर्श जारी किया है।**

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग खाद्य सुरक्षा विभाग और अन्य संबंधित विभागों के सहयोग से, कल से तीन दिवसीय भारतीय व्यंजन महोत्सव 2025 का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव प्रदर्शनी मैदान में शाम 4 बजे से रात 10 बजे तक चलेगा। #डिसाइडलाइट्स थीम के साथ इस कार्यक्रम में भारत की विविध पाक परंपराओं को दर्शाया जाएगा। लाइव रसोई के साथ–साथ, निकोबारी जनजातीय समुदाय की ओर से सांस्कृतिक व्यंजन शोकेस भी प्रदर्शित किए जाएंगे। कार्यक्रम में कला और संस्कृति विभाग की ओर से शाम 06:00 बजे से 8:00 बजे तक ऑर्केस्ट्रा प्रदर्शन होंगे। पाककला के क्षेत्र में युवा उद्यमियों को सहयोग देने के लिए पर्यटन विभाग शीर्ष तीन स्टॉल को 10,000 रुपये, 8,000 रुपये और 5,000 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान करेगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में ग्राम सभा निर्वाचन क्षेत्रों के संबंध में जनवरी दो हजार पच्चीस में जारी मतदाता सूचियों को संशोधित किया जाएगा। इस सिलसिले में 7 जुलाई से 14 जुलाई तक ड्राफ्ट मतदाता सूची तैयार की जाएगी। 15 से 17 जुलाई के बीच ड्राफ्ट रोल की छपाई, 18 जुलाई को ड्राफ्ट रोल का प्रकाशन किया जाएगा। इस संबंध में सुझाव और आपत्तियां 19 जुलाई से 2 अगस्त तक दर्ज की जा सकती है। सुझाव और आपत्तियों का निपटान 04 से 7 अगस्त तक किया जाएगा। 8 से 11 अगस्त के बीच मतदाता सूची तैयार कर प्रकाशित किया जाएगा और मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 12 अगस्त को निर्धारित किया गया है। दावे और आपत्तियाँ संबंधित क्षेत्र के तहसीलदारों द्वारा नियुक्त नामित अधिकारियों के पास जमा की जा सकती है।

<><><><><><><>

लिटिल अंडमान के रवींद्र नगर पंचायत, में पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने एक पशु चिकित्सा उप औषधालय की स्थापना की। इसका उद्देश्य समुदाय के लिए पशु चिकित्सा सेवाओं तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित करना है। उद्घाटन अवसर पर क्षेत्र के प्रधान, पूर्व प्रधान, सरपंच, पंचायती राज संस्था के सदस्यों और स्थानीय लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान, विभाग ने ग्रामीणों को बत्तख के बच्चे, अंडे और बटेर के अंडे वितरित किए गए। इस औषधालय की स्थापना पशु स्वास्थ्य सेवा में सुधार और द्वीपसमूह के दूरदराज के क्षेत्रों में आजीविका को बढ़ावा देने के लिए विभाग की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

<><><><><><><>

पशु पालन और पशु चिकित्सा विभाग में कम्पाउंडर के पद के लिए भर्ती नियमों में संशोधन का मसौदा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। उम्मीदवार अपने दावे और आपत्तियां तीस दिनों के भीतर जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अंतर्गत जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय परिसर में "एक पेड़ मां के नाम" थीम पर जिला स्तरीय वृक्षारोपण अभियान और वन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सहकारी समितियों के सहायक रजिस्ट्रार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समाज कल्याण निदेशक रविन्द्र कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य, वरिष्ठ संकाय सदस्य, सहकारी समितियों के सहायक रजिस्ट्रार और सहकारी समितियों के निरीक्षक, छात्र स्वयंसेवक और विभिन्न सहकारी समितियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। "प्लांट4मदर" पहल के तहत, माताओं को श्रद्धांजलि देने के लिए परिसर में 25 पौधे लगाए गए।

<><><><><><><>

टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत दक्षिण अंडमान जिले से तपेदिक को समाप्त करने के उद्देश्य से दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा, की अध्यक्षता में निजी चिकित्सकों के साथ बैठक की गई। बैठक में ज़िला उपायुक्त ने टीबी उन्मूलन में सार्वजनिक और निजी हितधारकों के बीच सहयोगात्मक कार्रवाई के महत्व पर जोर दिया और राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत प्रोटोकॉल के अनुसार मरीजों की पहचान कर जांच और उपचार करने को कहा। जिला टीबी अधिकारी ने प्रतिभागियों को वर्तमान टीबी की स्थिति, अभियान

के तहत लक्ष्यों और टीबी मामलों की शुरुआती पहचान और रिपोर्टिंग में निजी चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दी। सभी निजी चिकित्सकों से टीबी मामले की अधिसूचना और प्रबंधन के लिए निक्षय पोर्टल पर नामांकन करने का अनुरोध किया गया। उनसे जिला नियंत्रण कक्ष को निर्धारित प्रारूप में दैनिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का भी अनुरोध किया गया। इसके अतिरिक्त, निजी चिकित्सकों को टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय मित्र के रूप में पंजीकरण करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसके अलावा, ज़िला उपायुक्त ने सभी नैदानिक प्रतिष्ठानों से जिला स्वास्थ्य सोसाइटी द्वारा प्रदान की गई सूचना, शिक्षा और संचार सामग्री प्रदर्शित करने का आग्रह किया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार यातायात पुलिस ने लोगों से प्रेशर हॉर्न, मल्टी–टोन हॉर्न और मॉडिफाइड म्यूजिकल हॉर्न के इस्तेमाल के संबंध में परामर्श जारी किया है। पुलिस ने कहा है कि ऐसे हॉर्न का इस्तेमाल न केवल अवैध है, बल्कि ध्वनि प्रदूषण और सार्वजनिक असुविधा को भी बढ़ाता है। प्रत्येक मोटर वाहन में ऐसे इलेक्ट्रिक हॉर्न या अन्य उपकरण लगे होने चाहिए, जिससे शोर उत्पन्न न हो। प्रेशर हॉर्न और मल्टी–टोन म्यूजिकल हॉर्न का उपयोग नियमों विरूद्ध है। उल्लंघनकर्ता पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने वाहन मालिकों से ध्वनि सीमाओं का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार एंटी–नारकोटिक फोर्स के गठन के साथ औषधि निरीक्षक नलनी के नेतृत्व में औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के विभिन्न प्रावधानों के कार्यान्वयन के तहत समाज कल्याण विभाग मायाबंदर, रंगत, बिल्लीग्राउंड और डिगलीपुर थाना के अधिकारियों के साथ मध्योत्तर अंडमान ज़िले की निजी फार्मेसियों में औचक मादक पदार्थों का निरीक्षण किया गया। इसके अलावा रंगत और डिगलीपुर थाना में निजी फार्मेसी मालिकों और फार्मासिस्टों के साथ जागरूकता बैठक आयोजित की गई और खुदरा दवा लाइसेंस की विभिन्न शर्तों के बारे में हितधारकों के साथ चर्चा की गई। उन्हें अनुसूची एच और एच1 औषधि रजिस्टर का उचित रखरखाव सुनिश्चित करने, कम से कम 30 दिनों के बैकअप के साथ सीसीटीवी कैमरा लगाने, जारी किए गए औषधि लाइसेंस का उचित प्रदर्शन सुनिश्चित करने की सलाह दी गई। अधिकारियों ने हितधारकों को फार्मासिस्ट के बिना फार्मेसी की दुकान नहीं चलाने की सलाह दी। बैठक में 'एंटी–नारकोटिक शपथ' भी लिया गया।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में 09 और 10 अगस्त को ASMITA कयाकिंग और कैनोइंग लीग का आयोजन किया जाएगा। ASMITA लीग को पहले KHEO INDIA महिला लीग के रूप में जाना जाता था, जो युवा मामले और खेल मंत्रालय के तहत भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा एक पहल है। इसका उद्देश्य भारत भर में विभिन्न आयु वर्गों की महिला एथलीटों को प्रतिस्पर्धा के लिए मंच प्रदान करना है। अंडमान निकोबार कयाकिंग और कैनोइंग एसोसिएशन सभी महिला खिलाड़ियों से 27 जुलाई तक नेताजी स्टेडियम स्थित राज्य ओलंपिक एसोसिएशन में अपनी प्रविष्टियां जमा करने को कहा है।

<><><><><><><>

अंडमान कॉलेज में शैक्षणिक वर्ष 2025–26 के लिए विभिन्न स्नातक डिग्री पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। इच्छुक उम्मीदवार अब 15 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन केवल कॉमन कॉलेज एडमिशन पोर्टल के माध्यम से जमा किए जाने चाहिए। अधिक जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>